तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री


हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 07 नवंबर 2024

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

14 कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य, देशभक्ति ...



14 दीपों से जगमग हुई खल्लारी मातेश्वरी...



# नवंबर की शुरुआत के साथ मौसम दिला रहा ठंड के आगमन का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नवंबर की शुरुआत के साथ ही अब हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। सुबह भोर और देर रात को ठंड बढ़ रही है। हालांकि, दिन का अधिकतम तापमान अभी भी जिले में औसत से 1.5 डिग्री की बढ़ोतरी के बाद 32.2 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। सोमवार को भी दिनभर अच्छी धूप खिली, जिससे हल्की गर्मी का अहसास होता रहा। रात का न्यूनतम तापमान अभी सामान्य से 1.2 डिग्री गिरावट पर 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इस लिहाल से प्रदेश में हल्की ठंडक की गुलाबी शुरुआत होने वाली है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान इन दिनों अंबिकापुर में 13.1 डिग्री सेल्सियस है। दूसरे स्थान पर 15.2 डिग्री के साथ पेंड्रारोड है।

## दिन का अधिकतम तापमान जिले में 32.2 डिग्री सेल्सियस



### चार साल तक नवंबर में 10 डिग्री रहा पारा


मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक साल 2014 से 2020 के बीच 4 साल नवंबर में रात का तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंचा। नवंबर की शुरुआत में पारा 15 डिग्री रहा, जो 20 नवंबर तक 9.8 डिग्री तक गिर गया। इस साल उत्तर की हवाओं में देरी की बजह से रात का तापमान ढलान की ओर नहीं बढ़ रहा है। बल्कि दक्षिण की गर्म और शुष्क हवाएं प्रदेश में दाखिल हो रही है। इससे दिन-रात का तापमान निचले पायदान पर नहीं आकर लगातार बढ़ रहा है। अभी भी पारा औसत से बहुत कम या अधिक नहीं होकर एक दो प्वाइंट के अंतर पर बना हुआ है, इसलिए जिले में ठंडक का अहसास नहीं कम हो रहा।

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि, अगले तीन दिनों में जिले में रात का तापमान स्थिर रह सकता है। न्यूनतम तापमान 16-17 डिग्री के बीच बने रहने की संभावना है। इसमें अभी कुछ दिन बहुत अधिक वृद्धि या गिरावट नहीं होने का भी आंकलन किया गया है। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि, प्रदेश में अभी शुष्क हवाएं आ रही हैं। इससे अगले कुछ दिन मौसम शुष्क बना रह सकता है। दिन में तेज धूप निकल सकती है। जिससे दिन के तापमान में वृद्धि भी संभावित है। वहीं रात के न्यूनतम तापमान में कोई बदलाव अभी संभावित नहीं है।

### 10 नवंबर से बढ़ेगी ठंड

प्रदेश में अभी शुष्क हवाएं प्रवेश कर रही हैं। इससे तापमान में उतार चढ़ाव बना हुआ है। अनुमान है कि 10 नवंबर के बाद ठंडक में इजाफा हो सकता है।
- **एचपी चंद्रा मौसम विशेषज्ञ**, आईएमडी रायपुर

## खबर संक्षेप



### घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिलाईगढ़ में एक व्यक्ति ने घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट की। सरायपाली पुलिस ने बताया कि बिलाईगढ़ का भोजराज चौधरी 5 नवंबर की शाम 7 बजे अपने घर में था, तभी गांव का हरिश्चंद्र सिदार घर के सामने आकर उसे उधारी का पैसा वापस मांगते हुए गालियां दे रहा था। प्रार्थी ने जब कहा कि मेरे द्वारा तुमसे पैसा नहीं लिया गया है तब आरोपी मारपीट करते हुए उसके घर के अंदर घुस गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पिता जगेश्वर चौधरी से भी आरोपी ने मारपीट की। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 332(सी) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ठेला में शराब पीने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 5 नवंबर को ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति द्वारा अपने ठेले में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शराब पीने वाले भाग गए, वहीं पकड़े गए व्यक्ति से अपना नाम राजकुमार कोसले पिता हीराराम कोसले (50 साल) बताया। आरोपी के कब्जे से 1 पौवा देशी प्लेन शराब, डिस्पोजल की खाली गिलास जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवी की गई।

### ट्रक की टक्कर कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बागबाहरा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि रमेश चंद्राकर नरतोरी बागबाहरा 5 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 1392 से बागबाहरा आया था, एनएच 353 मेन रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने डिवाइडर से गाड़ी मोड़ रहा था, तभी सामने से ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीआर 8655 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

**तैयारी:** जिला प्रशासन ने मुद्रण के लिए जारी की निविदा, कागज प्रशासन कराएगा उपलब्ध

# पंचायत के साथ नगरीय निकाय चुनाव भी छपे हुए मतपत्रों से होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं की तर्ज पर इस बार शहरी मतदाता भी निकाय चुनाव में पार्षद अथवा अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतपत्रों पर मुहर लगाएंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तरह नगरीय निकाय चुनाव भी बैलेट पेपर से होंगे। इस बार ईवीएम के उपयोग को लेकर चर्चा जरूर है। लेकिन, सरकार बदलने के बाद ईवीएम को लेकर कोई स्पष्ट आदेश नही मिला है।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा बैलेट पेपर प्रिंटिंग के लिए निविदा आमंत्रित की है, जो राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी की गई है। नगरीय निकाय के लिए निविदा 21 नवंबर को खोली जाएगी वहीं पंचायत निर्वाचन के लिए इसकी तिथि 2 दिसंबर नियत है। अध्यक्ष के लिए प्रत्यक्ष चुनाव को लेकर भी अब तक कोई स्पष्ट आदेश नही है लेकिन, अफसरों की मानें तो इस संबंध में तैयारी के निर्देश हैं। साथ ही निकाय चुनाव के लिए ईवीएम के उपयोग भी नहीं होंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निर्वाचन शाखा द्वारा वेयर में मतपेटियों की सफाई और मरम्मत का कार्य जल्द ही शुरु हो जाएगा। ताकि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा सकें। बता दें कि कांग्रेस शासन काल से पहले के भाजपाई कार्यकाल में नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम के माध्यम से हुए थे, लेकिन जब से कांग्रेस की सरकार आई, तब से बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने बताया है कि पंचायत की तर्ज पर नगरीय निकाय चुनाव मतपत्रों से होंगे या ईवीएम से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश तो नही हैं। लेकिन, तैयारी के मद्देनजर इसके लिए टेंडर कॉल और मतपेटियों के संधारण का कार्य शुरु कर दिया गया है।




### नहीं उठेगा ईवीएम का मुद्दा

नगरीय निकाय चुनाव बैलेट पेपर से होने से ईवीएम पर सवाल खड़े नही होंगे। फिलहाल, राज्य शासन द्वारा ईवीएम से चुनाव कराए जाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया, जिससे कांग्रेस को विरोध करने और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का अवसर नहीं मिल पाएगा।

### पांच साल पहले बैलेट पेपर से हुआ था चुनाव

भाजपा शासनकाल में नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम से होते रहे हैं, जबकि केवल त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान होते रहे हैं। पांच साल पहले जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी, तो नगरीय निकाय चुनाव भी बैलेट पेपर से कराने का निर्णय लिया गया। वर्तमान में प्रदेश में भाजपा की सरकार है, लेकिन कांग्रेस सरकार के बैलेट पेपर से चुनाव कराने के निर्णय को फिलहाल नही बदला गया है।

# योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर 2 करोड़ से अधिक की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

## सैकड़ों महिलाओं ने ज्ञापन सौंपकर की कार्रवाई की मांग

ग्राम पिरदा में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर एक युवक ने महिलाओं के नाम फर्जी खाते खोलकर लगभग 250 महिलाओं से अंगूठा लगवाकर 2 करोड़ से अधिक की राशि निकाली और फरार हो गया। ठगी होने की जानकारी होने पर महिलाओं ने विधायक, एसडीएम व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार गत दिनों पंचायत सचिव ने पीएम आवास हितग्राही बसंती यादव को उनके खाते में 40 हजार रुपए शासन द्वारा भेजे जाने पर पीएम आवास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बसंती यादव ने अपने खाते की राशि निकालने सीएससी सेंटर पहुंची तब पता चला कि उनके खाते से 40 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। सीएससी संचालक ने राशि आहरण सुदर्शन साहू द्वारा किया जाना बताया । सुदर्शन ने इस संबंध में पूछताछ करने पर 40 हजार रुपए नकद वापस किया और गलती से 40 हजार आहरित करना बताया। जब सीएससी सेंटर में उसका मिनी स्टेटमेंट निकाला गया तब पता चला कि इसके पूर्व भी 40 हजार का लोन स्वीकृत कर जुलाई 2024 में ही 40 हजार रूपए आहरण किया गया है। बाद सुदर्शन साहू फरार हो गया। पता चला कि गांव की 250 से अधिक महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर अंगूठा दबाकर खाता खोला गया और बदले में उन्हें टॉर्च, पंखा कूलर, कूकर प्रदान किया गया। महिलाओं ने जब सीएससी सेंटर पहुंचकर खाते का स्टेटमेंट निकाला तब पता चला कि किसी का 40 हजार, किसी का 32 हजार, किसी का 1 लाख इस तरह 250 से अधिक महिलाओं के नाम से दो करोड़ से अधिक की राशि आहरित की गई। बाद सोमवार को 135 महिलाएं गांव के सुदर्शन साहू द्वारा भारत फाइनेंस इंडसइंड बैंक के माध्यम से कूकर, पंखा, कूलर, टार्च दे कर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने फर्जी खाता खुलवाकर करीब 250 महिलाओं से लगभग 2 करोड़ से अधिक की राशि अंगूठा लगाकर निकलवाने के मामले की जांच व कार्रवाई की मांग की। एसडीएम (राजस्व) मनोज खांडे ने बताया कि महिलाओं के बिना जानकारी करोड़ों रुपए लोन स्वीकृत कर राशि आहरण करने वाले सुदर्शन साहू एवं उनके सहयोगियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच हेतु पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें नायब तहसीलदार के नेतृत्व में सीईओ जनपद बसना, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहकारिता निरीक्षक, थाना प्रभारी मामले की जांच का रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे पश्चात आगे कार्रवाई की जाएगी।

# छपोराडीह के ग्रामीण 4 माह से त्रस्त हैं, मांग लेकर पहुंचे डीई के दफ्तर

## पूर्व संसदीय सचिव के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों को अफसरों ने किया आश्वस्त, कहा- आज होगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छपोराडीह के ग्रामीण बीते 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम छपोराडीह के खेतों में बोरवेल्स को बिजली सप्लाई के लिए जो ट्रांसफार्मर लगाए गए, वे बीते 3-4 माह से खराब पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसी ट्रांसफार्मर से गांव के कुछ घरों में बिजली सप्लाई होती रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद घरेलू कनेक्शन को अन्य ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया। लेकिन, जिस ट्रांसफार्मर में इन ग्रामीणों के बिजली कनेक्शन जोड़ा गया, उसमें लोड बढ़ गया तथा लो वोल्टेज की समस्या सामने आने लगी। वोल्टेज डाउन होने से ना तो पंखे चल रहे हैं, ना ही कूलर और ना ही टीवी चल पा रहे। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ने बताया कि कई बार विभाग को सूचना दे चुके हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर सुधारने या बदलने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

बुधवार को ग्राम छपोराडीह के 60-70 ग्रामीण इस समस्या को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। चंद्राकर ग्रामीणों के साथ संभागीय अभियंता के दफ्तर पहुंचे और डीई से चर्चा की तथा शीघ्र छपोराडीह में नए ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। चंद्राकर के साथ ग्राम छपोराडीह के गेंदलाल ध्रुव, महादेव नेताम, रामजी ध्रुव, एनकुमार सार, पुरुषोत्तम सार, कलीराम ध्रुव, मदन खैरवार, होरीलाल निषाद, दयाराम ध्रुव सहित 60-70 ग्रामीण बिजली दफ्तर में उपस्थित रहे।



### कल ही ट्रांसफार्मर बदले जाने डीई ने किया आश्वस्त

चंद्राकर ने कहा कि बीते 4 महीने से ग्रामीण वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं।। जिससे छोटे बच्चे, बुजुर्ग गर्मी व उमस से काफी परेशान हैं। ग्राम छपोराडीह सिरपुर क्षेत्र के वनांचल ग्राम में आता है, इस क्षेत्र में हाथी सहित अन्य जंगली जानवरों का आए दिन चहल कदमी होती रहती है। रात में अंधेरा होने से ग्रामीणों पर जंगली जानवरों के हमले का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में बीते 4 महीनों से बिजली समस्या व्याप्त होना और बार-बार विभाग को अवगत कराए जाने के बाद भी बिजली बहाल करने की दिशा में कोई पहल नहीं करना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र नए ट्रांसफार्मर ग्राम छपोराडीह में लगाया जाए। जिस पर डीई ने कल ही नए ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: हर घर को मिलेगी सस्ती और हरित ऊर्जा



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना फरवरी 2024 से लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के माध्यम से बिजली प्रदान करना है। इस योजना के तहत, उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं, जो उनकी बिजली जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ ग्रिड में अतिरिक्त ऊर्जा भी सप्लाई करेगा। इसके अतिरिक्त ऊर्जा के बदले में उपभोक्ताओं को आय प्राप्त होगी, जिससे बिजली बिल शून्य होने का लाभ मिल सकता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में विद्युत विभाग और क्रेडा विभाग को निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति सुनिश्चित करें। कार्यपालन अभियंता विद्युत भुनेश्वर दीवान ने बताया कि इस योजना के तहत 1 किलोवाट से 3 किलोवाट तक की क्षमता के सोलर संयंत्रों के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। जैसे कि 1 किलोवाट संयंत्र के लिए 30,000 रुपए, 2 किलोवाट संयंत्र के लिए 60,000 रुपए, और 3 किलोवाट संयंत्र के लिए 78,000 रुपए तक की सब्सिडी मिल सकती है। हितग्राही को संयंत्र की कुल लागत का केवल 10 प्रतिशत देना होगा, जबकि शेष राशि पर 7 प्रतिशत ब्याज दर से बैंक ऋण की सुविधा भी है। फरवरी 2024 में लागू हुई इस योजना के तहत महासमुंद जिले में 8000 संयंत्रों का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें कुल 18700 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीयन कराया गया है एवं 04 उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में सोलर संयंत्र स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त किया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को मोबाइल ऐप पर पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण के बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चयन कर आवेदन प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। योजना के अंतर्गत स्थापित संयंत्रों के सत्यापन के बाद, सब्सिडी की राशि उपभोक्ता के खाते में सीधे ऑनलाइन भेजी जाएगी।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ पर्व, स्नान ध्यान के साथ सूर्य देव की करेंगे पूजा

# 36 घंटे विधि विधान के साथ निर्जला व्रत रखेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंचल में मंगलवार को नहाय-खाय के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत हुई। इस दिन व्रती पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान के बाद सूर्य देव की पूजा करते हैं। इसके बाद सात्विक भोजन ग्रहण करती हैं। भोजन में चावल-दाल और लौकी की सब्जी ग्रहण करती हैं। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, कार्तिक शुक्ल चतुर्थी तिथि को नहाय खाय होता है। यह पर्व संतान की प्राप्ति और उनकी समृद्धि के लिए रखा जाता है। लोक आस्था का महापर्व छठ कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक मनाया जाता है। इस दौरान सूर्य देव की पूजा-उपासना होती है। छठ की शुरुआत नहाय-खाय से होती है। इसके अगले दिन खरना करते हैं।



वहीं, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को डूबते सूर्य देव और सप्तमी तिथि को उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है। उगते सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही छठ पूजा का समापन होता है। इसके लिए शहर में महामाया मंदिर तालाब के घाट और पूजा स्थल की साज सज्जा अंतिम दौर में है। व्रती खरना पूजा के बाद लगातर 36 घंटे तक निर्जला उपवास करती हैं। इस महापर्व के सभी मुहूर्त सूर्योदय और सूर्यास्त के टाइमिंग पर निर्भर करता है। इस दौरान व्रती स्नान और ध्यान के बाद सूर्यदेव की पूजा करेंगी और फिर सात्विक भोजन ग्रहण करेंगी।

### कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी

तिथि 07 नवंबर को देर रात 12:41 बजे शुरू होगी और 8 नवंबर को देर रात 12:34 बजे समाप्त होगी। ऐसे में 07 नवंबर को संध्याकाल का अर्घ्य दिया जाएगा। इसके अगले दिन यानी 8 नवंबर को सुबह का अर्घ्य दिया जाएगा।

### छठ 2024 अर्घ्य देने का शुभ समय

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि यानी 7 नवंबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। वहीं, सप्तमी तिथि यानी 8 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य जाएगा।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट खिलाड़ियों से 8 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर 2024 को किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले जनजातीय वर्ग के खिलाड़ियों और उनके कोचों को आमंत्रित किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि जिले के सभी ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जिन्होंने अपने खेल कौशल से जिले का नाम रोशन किया है, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, खेल विधा और उनकी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र या फोटोग्राफ्स (सॉफ्टकॉपी या हार्डकॉपी) के साथ आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर 2024 शाम 3 बजे तक है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास विभाग महासमुंद से संपर्क कर सकते हैं।

### अंतिम प्रकाशन अधिसूचना जारी

**महासमुंद।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के अंतर्गत जनपद पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत अंतिम प्रकाशन अधिसूचना जारी की गई है। सरकारी अधिसूचना कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय, तहसील कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में चस्पा की व्यवस्था की गई है, जिससे पंजीकरण के लिए सूचना सार्वजनिक हो सके।

### सड़क कांग्रेस अधिवेशन के लिए राज्यपाल को आमंत्रण

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में लोक निर्माण के अधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें ऑल इंडिया रोड कांग्रेस के 8वें अधिवेशन के लिए आमंत्रण दिया। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित यह अधिवेशन 8 से 11 नवंबर तक साइंस कॉलेज मैदान में होगा, जिसमें देशभर के राज्यों के लोक निर्माण के अधिकारी, कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, डिजाइनर, स्टेट हाईवे के अधिकारी, तकनीकी संस्थानों के विद्यार्थी आदि शामिल होंगे।

### छठ महापर्व में शामिल होने दिया न्योता

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से मंगलवार को राजभवन में छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की और उन्हें छठ महापर्व में शामिल होने का न्योता दिया।

### नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लुभा रहा

**रायपुर।** नवा रायपुर में निर्माणाधीन छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का विहंगम दृश्य लोगों को रोमांचित कर रहा है। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी उद्योग एवं व्यापार परिसर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव में लोक निर्माण विभाग के स्टॉल में नए विधानसभा भवन और भिलाई के पॉवर हाउस में निर्मित फ्लाईओवर के मॉडल को प्रदर्शित किया गया है। स्टॉल में इन दोनों निर्माणों से संबंधित जानकारियां भी दर्शाई गई हैं। यहां हाल के वर्षों में लोक निर्माण विभाग द्वारा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित प्रमुख भवनों, सड़कों और पुलों को भी प्रदर्शित किया गया है।

### कनाडा में हिंदुओं पर हमले की सिख समुदाय ने की निंदा

**रायपुर।** कनाडा के मंदिरों में हिंदुओं पर खालिस्तानी समर्थकों द्वारा किए गए हमले की छत्तीसगढ़ का समूचा सिख समाज पुरजोर निंदा करता है, ऐसी अलगाववादी नीतियों का विरोध करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के संयोजक व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि कनाडा में 7 लाख से ज्यादा सिक्ख निवास करते हैं, मुठ्ठीभर अलगाववादियों की इस कायराना हरकत की छत्तीसगढ़ का पूरा सिख समाज निंदा करता है। सिख समाज छत्तीसगढ़ के सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, कुलदीप सिंह चावला, भूपेंद्र सिंह मक्कड़, सतपाल सिंह खनूजा, गुरदीप सिंह छाबड़ा ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर गिरफ्तार करने साथ ही ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कानून बनाने की मांग की है।

# शॉर्ट फिल्म दिखाकर लोगों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिवर्ष की भांति समस्त विभागों द्वारा विभागीय स्टॉल लगाई गई। जहां शासन द्वारा दी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाएं के बारे में जानकारी दी गई। इसी परिपेक्षय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से स्टाल क्रमांक 19 में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा का स्टॉल लगाया गया था। जिसमें लोगों को बैनर पोस्टर एवं पंपलेट वितरित कर तथा एलइडी वीडियो के माध्यम से नालसा व सालसा का शॉर्ट फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया। इसके अलावा विधिक सलाह, विधिक सहायता, हमर अंगना, जनचेतना, प्रबंधक, करुणा, हेल्पलाइन 15100, नालसा पोर्टल, प्रयास, आसरा, एलएडीसीएस, निशुल्क अधिवक्ता नियुक्ति एवं अभिरक्षा बंदियों के परिवारों को दिए जाने वाले विधिक सहायता, क्षतिपूर्ति योजना आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। महोत्सव के मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा प्राधिकरण की ओर से लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया गया।

# ब्राम्हण समाज ने रीडर आत्महत्या मामले में राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ी ब्राम्हण समाज द्वारा राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रायपुर तहसील में पदस्थ रीडर प्रदीप उपाध्याय द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 28 अक्टूबर को प्रदीप उपाध्याय ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में स्पष्ट रूप से तत्कालीन एसडीएम, अपर कलेक्टर और एसडीओ को अपनी मृत्यु का जिम्मेदार ठहराते हुए सुसाइड नोट में नामों का उल्लेख करते हुए स्पष्ट लिखा है कि उन्हें ब्राम्हण को भगाओ कहकर प्रताड़ित किया गया। कलेक्टर के समक्ष उनके खिलाफ गलत धारणा बनाई और उनका स्थानांतरण खरोरा करवा दिया। कलेक्टर को शिकायत के बावजूद उनकी बात नही सुनी गई। सुसाइड नोट में उन अधिकारियों की संपत्ति की जांच की मांग की गई है। पुलिस को सभी प्रमाण उपलब्ध कराए जाने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने राज्यपाल से दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी तिवारी, संरक्षक अरूणेंद्र दीवान, सचिव दीपक तिवारी, सहसचिव हितेश शर्मा, हेमेंद्र आचार्य, संदीप तिवारी, पुरूषोत्तम तिवारी, मनीष शर्मा, देवेंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।

## छग पेंशनधारी कल्याण संघ का दीपावली मिलन हुआ


**महासमुंद।** पेंशन भवन में मासिक बैठक के साथ छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद का दीपावली मिलन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर



आईडीएफसी बैंक महासमुंद के सौजन्य से सभी पेंशनरों को गमछा एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका सम्मान किया गया। बाद बैठक में अनेक मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ अशोक गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष ने की। राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस बीजापुर में शामिल होने सदस्यों ने 50 सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। सभी सदस्यों को बैंक में जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए फॉर्म वितरित किया गया तथा आवश्यक दस्तावेज, फोटो, आधार कार्ड के साथ बैंक में जमा करने के लिए बताया गया। इस अवसर पर संरक्षक केआर चंद्राकर, उपाध्यक्ष केके हनुमंत, सचिव बीआर देवांगन, कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव, कोषाध्यक्ष मनराखन ध्रुव, बंसी चंद्राकर, बीआर सोरी, बलराम ध्रुव, रामकुमार साहू, रामलाल श्रीवास्तव, रामलाल साहू, शेषनारायण चंद्राकर, डीपी चौधरी, केएस देवांगन, भाव सिंह नेताम, दुकालू राम वर्मा, आरके कश्यप, अरुण कुमार बंसोड़, आरआर सेन, मनहरण लाल साहू, लखन लाल कनौजे, मन्नू लाल साहू, एमएमपी साहू, सतीश पांडे, रामकुमार चंद्राकर, बसंत लाल साहू, राम नारायण चंद्राकर, दाऊलाल अग्रवाल, चमन लाल चंद्राकर, एसआर चंद्राकर, पीसी पुरोहित, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, एसएस दीवान, जीआर बेरवा, केबी साहू, सालिक चंद्राकर सहित अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव ने दी है।

# छठ पर्व का वैज्ञानिक एवं धार्मिक कारण बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



द न्यू होली फेथ स्कूल में छठ पर्व के महत्व से अवगत कराने के लिए कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ छठी माता की आराधना व वंदन से हुई। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्या सरवरी पींचा एवं चेयरमैन महेंद्र जैन मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्राचार्य ने छठ पर्व पर प्रकाश डाला। छात्रों रूही महतो, ममता साहू नूतन कन्नौज, शीफा एंटोनी, खुशी चंद्राकर द्वारा सुमधुर गीत गाए। छात्रा नेहल साहू कक्षा बारहवीं, यास्मीन यादव कक्षा दसवीं ने भाषण प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा छठ महापर्व पारंपरिक तौर तरीके से विधि विधान से कैसे मनाते है? इसे अभिनय के माध्यम से संदेश देते हुए बताया कि छठी मईया बहुत करुणामई, संतान प्रदान करने वाली है। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका आरती झा ने कहा कि माता सीता, कृष्ण द्रौपदी एव दानवीर कर्ण ने भी अपने कुटुंब व संतान की सुख समृद्धि, के लिए उपासना की थी। ललिता चंद्राकर ने कहा कि छठ पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी को होता है। माताएं डूबते सूर्य व उगते सूर्य को अर्घ्य देती हैं । अपने बच्चों के कल्याण की कामना करती हैं। इसके वैज्ञानिक कारण भी बताए।

सूर्य की पराबैगनी किरणों की अधिकता से मानव जीवन को हानिकारक कुप्रभाओं से रक्षा हेतु छठ पूजा पर्व मनाने की परंपरा है। कार्यक्रम का संचालन छात्र अक्षत भारद्वाज, रूपरेखा शिक्षिका सविता चंद्राकर एवं आभार व्यक्त छात्रा रूही महतो ने किया। कार्यक्रम में शाला के बाल कैबिनेट पदाधिकारी रिहांश साहू, फैजान चौहान, भूमि नायक, राज तिवारी, रौनक पांडे का योगदान रहा। इस अवसर पर पर पूजा कामदार, लेखा चंद्राकर, लवीना चंद्राकर, आकांक्षा मिश्रा, गरिमा पटेल, दीपिका साहू, रुचि साहू, जयेश जैन, जगदीश आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से मुलाकात ...



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से खल्लारी विधानसभा की छाया विधायक अल्का चंद्राकर के साथ कार्यकर्ताओं ने सौजन्य भेंट की।

# विकासखंड स्तरीय स्कॉउट्स-गाइड्स तृतीय सोपान प्रशिक्षण का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान

- 7 नवंबर को स्थापना दिवस पर प्रात: 8 :30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन होगा




प्रशिक्षण एवं जांच शिविर 6 नवंबर से 9 नवंबर तक चंडी मंदिर प्रांगण बिरकोनी में आयोजित है, जिसका उद्घाटन समारोह हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एस चंद्रसेन उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड जिला महासमुंद, अध्यक्षता कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष स्थानीय संघ महासमुंद, विशिष्ट अतिथि जय पवार उपाध्यक्ष जिला संघ, आनंद साहू उपाध्यक्ष, देवीचंद राठी, नितेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष स्थानीय संघ महासमुंद, चंदन डडसेना राजेश डडसेना, सुजाता विश्वनाथन, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी महासमुंद की उपस्थिति में ध्वज शिष्टाचार के पश्चात अतिथियों का स्कार्फ के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात शिविर संचालक तुलेंद्र सागर द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ प्रतिवेदन पठन में बताया कि इस शिविर में 156 स्काउट्स , 121गाइड्स, 23 प्रभारी शिक्षक एवम् 12 प्रशिक्षक मंडल के साथ कुल 312 सदस्य 10 मिडिल स्कूल एवं 24 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल के स्कॉउट्स एवं गाइड्स की गाइड उपस्थिति में स्काउट एवम गाइड्स इन 4 दिवसों में प्रातः जागरण से लेकर रात्रि 10बजे तक स्काउट गाइड पाठयक्रम को पूर्ण करेंगे, जिससे ये राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए तैयार होंगे। साथ ही सुख सुविधा से विहीन सीमित साधन में जीवन जीने के लिए तयार होंगे।

7 नवंबर को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस के 75वीं वर्षगांठ पर प्रातः 8:30 बजे सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जाएगा। अतिथिगण अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड को अनुशासित ढंग से रहने, अपने जीवन ईमानदार रहने, मितव्ययी जीवन शैली अपनाने, एक अच्छे नागरिक बनने एवम् राज्य तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर अपने परिवार, स्कूल और गांव एवं शहर का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित कर आशीर्वाद दिए। मुख्य अतिथि ने शिविर का विधिवत उद्घाटन की घोषणा की। इस शिविर में संचालक मंडल में तुलेन्द्र सागर, राम कुमार साहू, प्रमोद कन्नौजे, हिरेंद्र कुमार साहू, अजय तांडी, मुरलीधर पटेल, लीनु चंद्राकर, लता वैष्णव, चंद्रकांता ठाकुर, मधु शर्मा के साथ प्रभारी शिक्षक वेदराम रात्रे, नरेश विश्वकर्मा, सूरज चंद्राकर, यशवंत धृतलहरे, चंद्र प्रकाश चंद्राकर, कमलेश्वरी साहू, तामेश्वरी साहू, दामिनी वैष्णव, मंजू साहू, जितेंद्र चक्रधारी, मिथलेश साहू, नमिता ध्रुवंशी, रानू जोशी आदि मौजूद रहे। आभार प्रदर्शन लीलाधर सिन्हा बीईओ एवं कार्यक्रम का संचालन हिरेन्द्र साहू सहसचिव ने किया।

# रबी फसल पर बैन से पूर्व किसानों से हो चर्चाः अंकित

## किसानों को दूसरी फसल लगाने मिले प्रशिक्षण व उगाई गयी फसल की खरीदी की हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



किसान नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि 28 अक्टूबर को जिलाधीश महासमुंद द्वारा समस्त अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड (सर्व), वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी विकासखंड(सर्व) को पत्र लिखकर रबी की फसल धान के अलावा कुछ और लगाने एवं जल संरक्षण के विषय में मुनादी कराने बाबत पत्र लिखा लिखा गया कि जिला महासमुंद में विगत वर्ष रबी 2023-24 में 35120.40 हेक्टर में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई थी, जिसके स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी जैसी फसले लेने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में घटते हुए जल स्तर की दृष्टि से सेमीक्रिटिकल स्टेज में आ गए है। भूमिगत जल का अधिकांश भाग ग्रीष्मकालीन धान के लिए अंधाधुंध दोहन किया जाता है, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित होगी। इस परिपेक्ष्य में कृषकों के मध्य ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर गेहूं, मक्का, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी जैसी फसले लेने के लिए अपने अधीनस्थ अमले द्वारा प्रत्येक ग्राम के कोटवार से मुनादी कराई गई है।

अंकित ने कहा कि महासमुंद जिले में वैसे भी विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना एवं सरायपाली में सिंचाई के साधनों की कमी है, उसे बढ़ाने की दिशा में भाजपा सरकार ने विगत 16 सालों में कोई ठोस कार्ययोजना नही बनाई, और आज जो फसलें उगाने बोल रही उसकी जानकारी किसानों को नही दी गई, और ना ही सरकार किसानों को ये समझा पाने में सफल है कि गेहूं, मक्का, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी में धान के मुकाबले किसान कैसे लाभ अर्जित करेगा। ऊपर से वर्तमान भाजपा सरकार ने भूपेश बघेल द्वारा दी जा रही आदान सहायता राशि 10 हजार रुपए प्रति एकड़ बंद कर दिया है, क्या पुनः शुरु करेगी? साथ ही गेहूं, मक्का, रागी, दलहन, तिलहन के लिए समर्थन मूल्य में खरीद की व्यवस्था देगी? जल का संरक्षण आवश्यक है, पर उसे तत्काल थोपा नहीं जा सकता। किसानों को निरंतर इस दिशा में प्रेरित, प्रशिक्षित करके और इसके गुण दोष व लाभ से अवगत और पर्याप्त बाजार मुहैय्या कराकर फसल चक्र परिवर्तन करवाया जा सकेगा। अन्यथा किसान इस तुगलकी फरमान का हर स्तर पर विरोध करेगा।

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की।

# सड़क, भवन, ईंट, टाइल्स बनाने में फ्लाई एश का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है कि राज्य में कोयले की राख (फ्लाई एश) का इस्तेमाल भवन निर्माण, सड़क बनाने ईंट और टाइल्स बनाने के काम के लिए अनिवार्य किया गया है। खास बात ये है कि यह प्रावधन किसी भी थर्मल पावर प्लांट के 300 किलोमीटर के दायरे में होने वाले निर्माण पर लागू होगा। इस संबंध में भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस साल के शुरू में अधिसूचना जारी की थी और छत्तीसगढ़ सरकार के पर्यावरण संरक्षण मंडल ने इसी आधार पर नगरीय प्रशासन विभाग को निर्देश जारी किया था।

इस मामले में अब संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों को आदेश जारी किया है। विभाग ने लिखा है कि नगरीय निकाय क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण कार्य में राख आधारित उत्पादों तथा भवन निर्माण सामाग्रियों के प्रयोग को अनिवार्य करके उपजाऊ मिट्टी को संरक्षित करने और सड़क बनाने, सड़क एवं फ्लाई ओवर के रेलिंग बनाने, अनुमोदित परियोजनाओं के निचले क्षेत्रों को भरने में मिट्टी के विकल्प के रूप में राख का इस्तेमाल किया जाना है। ऐसा करने से उपजाऊ मिट्टी एवं प्राकृतिक संसाधन को संरक्षित भी किया जा सकेगा।

### जारी हुआ ये आदेश

ऐसे सभी अभिकरण सरकारी, अर्धसरकारी और निजी जो सड़क बिछाने, सड़क और फ्लाई ओवर के किनारों, तटीय जिलों की सुरक्षा संरचनाओं और लिग्नाईट या कोयला आधारित विद्युत संयत्र से 300 किलो मीटर के रेडियस के भीतर बांधो जैसे निर्माण संबंधी क्रियाकलापों में अनिवार्य रूप से राख का इस्तेमाल किया जाएगा। कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल प्लांट जिन्होंने ऐसी एजेंसियों को राख उपलब्ध कराने के लिए नोटिस दिया हो जिसके लिए राख और परिवहन की लागत कोयला या लिग्नाईट आधारित थर्मल पावर प्लांट द्वारा वहन की जाएगी।

### राख का उपयोग न किया तो लगेगा टैक्स

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने ये भी साख किया है कि राख उपलब्ध होने की स्थिति में उपयोगकर्ता अभिकरण द्वारा राख का उपयोग न होने किए जाने पर 1500 रुपए प्रति टन की दर से भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा। भवन निर्माण के संबंध में पर्यावरणीय प्रतिकर निर्मित क्षेत्र के 75 रूपए प्रति वर्ग फीट की दर से वसूल किया जाएगा।

# पायलट लेंगे कांग्रेस नेताओं की बैठक

# वार्डों में प्रचार करेंगे पायलट भूपेश, महंत और टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर दक्षिण उप चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रचार में बड़े नेताओं को उतार रही है। एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट सहित बड़े नेता वार्ड में जनसंपर्क कर प्रचार करेंगे। बुधवार को दो वार्ड में चुनावी सभा में शामिल होंगे। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव 7 से 10 नवंबर तक वार्डों में प्रचार करेंगे। सभी 19 वार्ड तक इन नेताओं का अलग-अलग जनसंपर्क अभियान कराने का कार्यक्रम तय किया गया है। सभी वरिष्ठ नेता पांच-पांच वार्ड में जनसंपर्क करेंगे। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रचार अभियान की कमान कांग्रेस के विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के हाथों में होगी। क्षेत्र में अब बड़े नेताओं का जमावड़ा दिखाई देगा।






पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रचार कार्यक्रम तय हो चुके हैं। कांग्रेस हर बूथ पर अपने विधायकों और पूर्व विधायकों की तैनाती कर रही है। चुनाव प्रचार अभियान को एक सप्ताह शेष है। कांग्रेस वार्डों में घर-घर संपर्क करने का अभियान चला रही है। अभियान के तहत अंतिम चरण में वरिष्ठ नेताओं को प्रचार में लगाया गया है। 11 नवंबर को प्रचार थमने के पूर्व कांग्रेस एक बड़ी सभा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएगी।

सभा में सभी बड़े नेता और कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल होंगे। अब तक प्रत्याशी और बूथ के प्रभारियों के माध्यम से प्रचार अभियान चल रहा है।

### 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति

पार्टी के वरिष्ठ नेता डोर-टू-डोर जाकर प्रचार की कमान संभालेंगे। 7 नवंबर से अधिकांश विधायक अपने-अपने प्रभार वाले वार्डों के बूथों में सक्रिय हो गए हैं। चुनाव संचालन समिति भी इस अभियान की निगरानी कर रही है। चुनाव को और प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस ने एआईसीसी के तीनों सचिवों को 6-6 वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी है। कुल 253 बूथों में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जहां अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं और इनकी मॉनिटरिंग विधायकों द्वारा की जाएगी।

### हर घर तक पहुंचने का प्रयास

कांग्रेस ने वार्डों में कार्यरत प्रभारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से सीधा संपर्क कर रणनीतियों को लागू करने की हिदायत दी गई है। नेताओं को जीत के लिए एकजुट होकर काम करने की नसीहत भी दी गई। कांग्रेस का उद्देश्य है कि प्रचार अभियान के दौरान हर बूथ के हर घर में कम से कम दो बार पहुंचा जाए। कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। अभियान के दौरान वरिष्ठ नेता प्रमुख सामाजिक हस्तियों के साथ भी बैठकें कर रहे हैं।

**खबर संक्षेप**



## राज्योत्सव में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**महासमुंद।** जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ राज्योत्सव कार्यक्रम में प्री मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास और पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास के छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ के समृद्ध संस्कृति को प्रस्तुत किया। छात्राओं ने राज्योत्सव में मंच मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त किए। नृत्य प्रस्तुति के लिए प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल द्वारा सम्मान चिह्न प्रदान किया गया। छात्राओं की शानदार प्रस्तुति पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय और खंड प्रभारी महेंद्र टंडन ने हर्ष जताया। छात्रावास अधीक्षिका रितु चंद्राकर, शमशाद जहां और प्रतिभागी छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच प्रदान करने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया।

## उखरा लामी में डांस प्रतियोगिता 12 को

**नर्रा।** नवोदित मितान क्लब उखरा लामी के तत्वावधान में रिकाडिंग डांस प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को आयोजित किया गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रीतम चौधरी, उपाध्यक्ष देवेंद्र निषाद, सचिव नवनीत नाग, सेतराम राणा आदि ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सामूहिक डांस में तथा युगल डांस के साथ एकल डांस के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को पुरस्कृत किया जाएगा।

## बैगा-गुनिया से कल तक मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिले में निवासरत जनजातीय समुदाय के बैगा, गुनिया, सिरहा, वैद्य जैसे परंपरागत उपचारक अपनी प्राचीन विधियों और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से जड़ी-बूटियों द्वारा किए जाने वाले विभिन्न रोगों के निदान और उपचार के अनुभव साझा करेंगे। इस आयोजन के तहत 2 दिवसीय सेमीनार, वर्कशॉप, जड़ी-बूटियों का प्रदर्शन और दस्तावेजीकरण किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जिले के सभी बैगा, गुनिया, सिरहा और वैद्य जो परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों का ज्ञान रखते हैं, से अनुरोध है कि वे अपने उपचारित रोगों के नाम, उपचार की विधियां, और जड़ी-बूटियों की जानकारी के साथ आवेदन करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 8 नवंबर 2024 दोपहर 3 बजे तक है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास विभाग महासमुंद से संपर्क कर सकते है।

**आयोजन : जिला भाजपा कार्यालय में हुई संगठन चुनाव से संबंधित कार्यशाला**

# बूथ गठन के साथ प्रारंभ होगी भाजपा की संगठन चुनाव प्रक्रियाः रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला भाजपा कार्यालय में संगठन चुनाव से संबंधित कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला संगठन चुनाव प्रभारी, प्रदेश मंत्री, मुख्य वक्ता रामू रोहरा के मार्गदर्शन में सांसद रुपकुमारी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी शंकर अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर सहित मंचस्थ प्रमुख पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।




कार्यशाला के पूर्व अतिथियों के साथ पूर्व विधायक रामलाल चौहान, प्रीतम दीवान, परेश अग्रवाल, नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, सदस्यता अभियान जिला संयोजक संदीप दीवान, खल्लारी विधानसभा संयोजक प्रेमशंकर पटेल, भाजपा नेता मोती साहू, छत्तर सिंह नायक, अलका चंद्राकर, चुनाव सह प्रभारी विपिन उबोवेजा, एतराम साहू, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुख़र्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिला संगठन चुनाव के दृष्टिकोण से आयोजित इस कार्यशाला के मुख्यवक्ता जगदीश रामू रोहरा ने उपस्थित अपेक्षित कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के संगठनात्मक चुनावो में भाजपा रीति, नीति और सिद्धान्तों के अनुरूप सामंजस्य बनाकर पारदर्शी प्रक्रिया से चुनाव सम्पन्न कराते आई है। संगठनात्मक चुनावो में अधिकांशतः सर्वसम्मति से निर्णय लेने की परंपरा रही है। रामू रोहरा ने संगठन चुनावों की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इन चुनावों से संबंधित राष्ट्रीय, प्रदेश स्तर के बाद इस जिले की कार्यशाला आज हो रही है। जिसके बाद सभी मंडलों की कार्यशाला होगी। सर्वप्रथम बूथ समिति के चुनाव के साथ मंडल और जिले की चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। रामू रोहरा ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ सम्पूर्ण विकसित राष्ट्रानिर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भाजपा के संगठन के कार्यो में महासमुन्द जिला अग्रणी रहा है और सभी के सहयोग से जिला में संगठन चुनाव में समय, समर्पण के साथ दायित्वों के प्रति समर्पित पदाधिकारियो का चयन हमारी प्राथमिकता में हो। संगठन चुनाव में सभी की सहभागिता हो, नई टीम सर्वव्यापी, सर्ववर्ग स्पर्शी हो ये हम सभी का प्रयास होगा। जिला संगठन चुनाव प्रभारी रामू रोहरा ने जिले के सभी 18 मंडलों में मंडल चुनावों के प्रभारी और सहयोगियों की घोषणा भी किया। सांसद व भाजपा जिलाध्यक्ष रुपकुमारी चौधरीं ने भी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के कार्यकर्ता परिश्रमी, और अपने दायित्वों के प्रति सजग है।

विधानसभा और लोकसभा के चुनावों में जिस प्रकार सभी ने ऊर्जा उत्साह से भाजपा की जीत में अपना योगदान दिया है उसी तरह से सभी संगठन चुनावों में भी अपनी सक्रियता बनाकर रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने भी कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन के कार्यो से कार्यकर्ताओं में उत्साह का वातावरण निर्मित होता है। संगठन की अहम इकाई प्रत्येक बूथ मजबूत होगा तो राष्ट्रीय स्तर तक भाजपा मजबूत होगी। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सभी चुनाव अहम और महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में जिला सदस्यता संयोजक संदीप दीवान ने विधानसभावार ऑनलाइन और ऑफलाइन सदस्यता की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान 15 नवंबर तक सतत प्रारंभ रहेगा। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर और आभार शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया। भाजपा जिला संगठन चुनाव की इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से भाजपा और सभी मोर्चा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री, जिला, जनपद, नगर पालिका, नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि सहित अपेक्षित श्रेणी के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट में बाइक चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिथौरा में एक वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को ललित कुमार यादव पिता लोकनाथ यादव (42 साल) निवासी कसहीबाहरा ने बताया कि 5 नवंबर की दोपहर में सूचना मिली कि भाई पवन यादव का ग्राम कसहीबाहरा चौक एनएच 53 रोड पर एक्सीडेंट हो गया है। वहां पहुंचने पर नरेंद्र पटेल ने बताया कि टोल प्लाजा की ओर से एक गुलाबी रंग का आयचर वाहन क्रमांक ओडी 05 एएक्स 8029 के चालक अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चला कर पवन यादव की बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे वह गिर गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी पिथौरा ले जाया गया, जिसे पिथौरा सीएचसी से रेफर करने पर इलाज कराने रायपुर ले जाते समय सिंघुपाली के पास मेन रोड में पवन यादव की मौत हो गई।वहीं बाइक में सवार अक्षय यादव के बांये पैर, सिर में चोट आई थी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है।

## विभागीय लापरवाही के कारण बढ़ता रहा है जमीन विवाद का मामला : चोपड़ा

**महासमुंद।** राजस्व विभाग और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते जमीनी विवादों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी के कारण लोगों के राजस्व विभाग संबंधी छोटे-बड़े प्रकरणों का निराकरण भी नहीं किया जा रहा है, परिणाम यह हो रहा है कि ज़मीन विवाद के कारण लोगों और समुदायों के बीच तनाव की स्थिति पैदा होती जा रही है। जारी प्रेस नोट में डॉ. ने बताया है कि कोई अप्रिय स्थिति घटित न हो, इसके लिए राजस्व विभाग संबंधी छोटे बड़े प्रकरणों को उनके और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक बुधवार को एसडीएम कार्यालय में जाकर लोगों के समस्याओं को सुनकर उन्हें निराकरण कराने का प्रयास किया जाता है। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने बताया कि राजस्व विभाग में प्रकरणों का आरआई, तहसीलदार की जांच रिपोर्ट आने के बाद भी मामलों को लंबित रखा जाता है, जो कि विभागीय प्रशासनिक अधिकारियों की भर्राशाही व मनमानी को प्रदर्शित करता है। यह भी हो सकता है कि मलाई मिठाई के मिलने के बाद ही प्रकरणों का निराकरण किया जाता होगा, इसलिए भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा प्रकरणों को लंबित रखा जाता है। जिसके कारण लोगों के बीच जमीनी विवाद चलते रहता है, जिसका परिणाम ग्राम पंचायत लाफिनखुर्द में देखा जा सकता है। वो तो अच्छा हुआ कि दोनों समुदाय के लोगों के सूझबूझ और समझदारी के कारण मामला शांत हुआ। डॉ. चोपड़ा ने आगे बताया कि मंत्रालय, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री से निर्देश है कि जितने भी पुराने राजस्व विभाग के प्रकरण लंबित है उन्हें जितना जल्दी हो सके।

# स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडर श्रमिकों ने की पद समायोजित करने की मांग

**महासमुंद।** स्मार्ट मीटर लगने से बेरोजगारी के चलते स्पॉट बिलिंग एवं मीटर रीडर श्रमिक ठेका कर्मचारी संघ के लोगों ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से मिलकर अपनी समस्याएं सुनाई और रोज़गार की मांग रखी। लोगों ने डॉ. चोपड़ा को बताया कि स्मार्ट मीटर के लगने से मीटर रीडिंग की जरूरत खत्म हो जाएगी, जिससे सभी मीटर रीडर बेरोजगार हो जाएंगे। प्रदेश में वितरण कंपनी द्वारा सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया गया है। स्मार्ट मीटर लगने से उनका रोजगार समाप्त हो जाएगा। उनके बीच में कई ऐसे भी मीटर रीडर है, जो कई वर्षों से वितरण कंपनी में मीटर रीडिंग का कार्य करते आ रहे है, जिनकी उम्र 40 से पार से चुकी है। सभी का अपना घर परिवार है, रोजगार समाप्त होने की दशा में उनके परिवार के समक्ष आर्थिक तथा मानसिक समस्या की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। कर्मचारियों ने अनेक मांग रखी, जिसमें कर्मचारियों ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने की



स्थिति में जॉब सुरक्षा देते हुए वितरण कंपनी की अधीन किसी भी पद में समायोजित करें। समस्त मीटर रीडरों को कुशल, अर्ध कुशल श्रमिकों की श्रेणी में लाते हुए रोजगार दिया जाए। डॉ. चोपड़ा ने उनकी समस्या व मांग सुनने के बाद कहा कि यह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मंत्रालय विभाग है। कर्मचारियों की समस्याओं को और उनकी मांगों को वे मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और मांगों को पूरा करवाने के लिए प्रयास करेंगे।

# धान फसल पर प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार का तुगलकी फरमान

## प्रदेश में सिंचाई संसाधनों को वृहद करने पर प्रयास करना चाहिए राज्य सरकार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने रबी फसलों के लिए भूमिगत जल के उपयोग तथा धान की खेती पर प्रतिबंध लगाने के राज्य के भाजपा सरकार के आदेश को किसान विरोधी तुगलकी फरमान बताया है।

चंद्राकर ने कहा कि सरकार को यह आदेश जारी करने से पहले जिले के सिंचाई संसाधनों को वृहद करने पर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पूर्व के कांग्रेस शासन काल तथा मेंरे कार्यकाल में सिकासेर जलाशय गरियाबंद से महासमुंद जिले में पानी लाने की दिशा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से निवेदन किया। जिसके परिणाम स्वरूप शिकासेर परियोजना के तहत बजट में राशि का प्रावधान किया गया था। इस परियोजना पर सरकार यदि तेजी से कार्य करेगी तो जिले के काफी भू भाग सिंचित हो जाएगा। कई दशकों तक किसानों को सूखा व अकाल की चिंता नहीं रहेगी। बागबाहरा ब्लॉक तथा महासमुंद ब्लॉक पूरी तरह सिंचित क्षेत्र हो जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी ब्लॉकों में सिंचाई परियोजना पर कार्य किया जाना चाहिए। लेकिन, उक्त परियोजनाओं को सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा। साथ ही अपनी किसान विरोधी मानसिकता का परिचय देते हुए भाजपा की साय सरकार किसानों को रबी सीजन में धान फसल लेने पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। यदि भूमिगत जल की सरकार को इतना ही चिंता है तो बड़े-बड़े उद्योगों को बांधों व जलाशयों का पानी क्यों दिया जा रहा है। चंद्राकर ने आगे कहा कि जब उद्योगपति बड़े पैमाने पर जल संपदा की लूट कर रहे हैं, तो यह आदेश कृषि अर्थव्यवस्था, खाद्यान्न-आत्मनिर्भरता और खेती-किसानी के संबंध में किसानों के निर्णय लेने के अधिकार पर ही सीधे-सीधे हमला है तथा कॉर्पोरेट हितों से प्रेरित हैं, जो चाहते हैं कि किसान खेती छोड़कर शहरों में सस्ते मजदूरों के रूप में उपलब्ध हों। उन्होंने कहा है कि किसानों को खरीफ फसल में हुए नुकसान की भरपाई रबी की फसल ही कर सकता है। लेकिन, भाजपा सरकार उन्हें इससे भी वंचित कर रही है। इससे किसानों की हालत और गिरेगी और क़र्ज़ के फंदे में फंसकर वे आत्महत्या के लिए ही प्रेरित होंगे। चंद्राकर ने मांग की है कि या तो सरकार अपना यह तुगलकी निर्णय वापस लें या फिर किसानों को हो रहे नुकसान की एवज़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल औसत उत्पादन के आधार पर 80 हजार रुपए प्रति एकड़ और रेघा, अधिया, ठेका, बंटाई, वनभूमि में खेती करने वाले किसानों को 40 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दें।



# आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 11 नवंबर को

**महासमुंद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लभराखुर्द में 11 नवंबर को सुबह 09 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। योजनांतर्गत आयोजित किए जाने वाले अप्रेंटिसशिप मेला में पोर्टल पर अधिक से अधिक उद्योग/प्रतिष्ठानों का पंजीयन किया जा सकता है। जिससे आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी को रोजगार का अवसर मिल सके। मेले में जिले के समस्त उद्योग/प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप/प्लेसमेंट रखने के लिए सम्मिलित हो सकते है। साथ ही आईटीआई उत्तीर्ण युवा भी भाग ले सकते है। अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए इच्छुक उम्मीदवार समस्त दस्तावेज के साथ 11 नवंबर को प्रातः 10 बजे से संस्था में उपस्थित हो सकते है। अप्रेंटिसशिप मेला के दौरान प्रशिक्षणार्थी तथा उद्योग/प्रतिष्ठान का पोर्टल में स्पाट पंजीयन की सुविधा आईटीआई कैम्पस में रहेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्रशिक्षणार्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था महासमुंद में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।




# भाजपा निकाय एवं पंचायत चुनाव को टालने के मूड में : गालिब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- राज्य की आम जनता में बढ़ते अपराध देख कर भाजपा सरकार से अब मोह भंग

छत्तीसगढ़ में वर्तमान स्थिति परिस्थिति को देखते हुए वर्तमान भाजपा सरकार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को टालने के मूड में है। कांग्रेस नेता गालिब हुसैन ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि छत्तीसगढ़ में बढ़ते अराजकता को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संभाल नहीं पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में खुले आम अपराध को अंजाम दिया जा रहा है।



छत्तीसगढ़ कानून व्यवस्था ठप्प सी हो गई है। राज्य की आम जनता बढ़ते अपराध देख कर भाजपा सरकार से मोह भंग हो चुका है। भाजपा सरकार अंदरुनी सर्वे से जनता की नब्ज़ को जान चुकी है। इसी डर की वजह से सरकार चुनाव टालने के मूड में है। यदि आज वर्तमान समय में चुनाव हो जाए तो नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी भाजपा का सूपड़ा साफ हो सकता है।

# शहर में पत्रकार भवन बनाया जाना प्रथम प्राथमिकताः संपत



**बसना।** बसना शहर में पत्रकारों के बैठने एवं पत्रकारिता से संबंधित विभिन्न आयोजन के लिए पत्रकार भवन का होना नितांत आवश्यक है। पूर्व में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री का भेंट मुलाकात कार्यक्रम में पिरदा बसना आगमन हुआ था। पत्रकार सेवक दास दीवान के नेतृत्व में भवन के लिए मांग पत्र सौंपा गया था। पूर्व सरकार द्वारा मांगों पर विचार नहीं किया गया, जिससे हम पत्रकारों को निराशा हाथ लगी। बसना निवासी नवनिर्वाचित विधायक डॉ संपत अग्रवाल को पत्रकार भवन के लिए विगत 10 सितंबर सम्मान समारोह में पत्रकार कल्याण महासंघ द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था।

## समाज सेवियों से कल तक मंगाए गए आवेदन

**महासमुंद।** जनजातीय गौरव दिवस पर जिले में निवासरत जनजातीय समुदाय के बच्चों, महिलाओं और समाज के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षा, संस्कृति, आर्थिक विकास, सामाजिक कल्याण, कला, साहित्य, खेलकूद, पर्यावरण, रोजगार आदि किसी भी क्षेत्र में योगदान देने वाले इच्छुक समाजसेवी या संस्थाएं अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर और संक्षिप्त कार्यविवरण (सॉफ्टकॉपी या हार्डकॉपी) के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अंतिम तिथि 8 नवंबर 2024, दोपहर 3 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास विभाग महासमुंद से सम्पर्क कर सकते हैं।

**शपथ पत्र**

मैं दिलीप कुमार पटेल उम्र 49 वर्ष पिता श्री रामधन पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम गिधापाली पोस्ट भूकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि :-

(1) यह कि मैं ग्राम गिधापाली तहसील बसना जिला महासमुन्द छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ।

(2) यह कि ग्राम भूकेल स्थित भूमि खसरा नंबर 354/1, 353/2 रकबा क्रमशः 0.18 हे., 0.18 हे. कुल खसरा नं. 2 कुल रकबा 0.36 हेक्टेयर भूमि को सतीश पारेश्वर पिता कृष्ण सिंह पारेश्वर जाति गोंड निवासी ग्राम खरोरा पो. सिंघनपुर तहसील बसना जिला महासमुन्द छ.ग. वाले से विगत दिनांक 07/03/2014 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है जिसका मूल रजिस्ट्री बैनामा स्टाम्प सरायपाली में कहीं गुम हो गया है जो कि विगत तीन माह से नहीं मिला है मिलने की संभावना नहीं है जिससे उक्त मूल रजिस्ट्री बैनामा स्टाम्प पेपर के गुम होने की सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाने की आवश्यकता हुई है।

(3) यह कि मैंने कोई सारवान बातें नहीं छिपाई है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं दिलीप कुमार पटेल उम्र 49 वर्ष पिता श्री रामधन पटेल जाति अघरिया निवासी ग्राम गिधापाली पोस्ट भूकेल तहसील बसना जिला महासमुन्द (छ.ग.) का निवासी हूँ। उपरोक्त शपथ पत्र की कण्डिका एक से तीन तक में लिखी बातें सत्य व सही है अतः आज दिनांक 04/11/2024 को सरायपाली में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। **दिलीप कुमार पटेल**
**सत्यापनकर्ता**



खबर संक्षेप



## तुमगांव में धूमधाम से मनाया दीपावली पर्व

**महासमुंद**। नगर पंचायत तुमगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपावली पर्व बड़े धूमधाम व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। पूरे नगर में दीप जलाया गया। और प्रभु राम माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की गई। पटाखों की गूंज और लाइट आकर्षण का केंद्र बना रहा। गौरा चौक में ईशर गौरा की स्थापना कर नगर विकास व सुख समृद्धि के लिए मनोकामना की गई। सर्व यादव समाज गोवर्धन पूजा किया गया। गौ माता की पूजा अर्चना कर खीर प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही पारंपरिक राउत नाचा की धूम रही।

## खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव 12 को



**महासमुंद**। ग्राम भलेसर में श्याम सेवा परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से 12 नवंबर मंगलवार को खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जय बजरंग नवयुवक समिति के अध्यक्ष दौलत राम सिन्हा ने बताया कि खाटू श्याम बाबा की पूजा शाम 6 बजे होगी। वहीं भजन संध्या रात्रि 8 बजे होगी। इसमें मुख्य कलाकर मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण होंगे।

### निधन

## शिवा गोस्वामी



**महासमुंद**। स्थानीय क्लब पारा निवासी शिवा गोस्वामी (32) का असामयिक निधन हो गया। वे तारकेश्वर पुरी गोस्वामी के छोटे सुपुत्र तथा सन्नी गोस्वामी के छोटे भाई थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम सिरगिड़ी में किया गया। उमेश भारती, अशोक गिरि, तोषण गिरि गोस्वामी, विजय पुरी, मनोज गिरि, रामेंद्र गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी आदि समाज के पदाधिकारियों ने मृतक को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### आयोजन : जिला मुख्यालय के राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन

# कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य, देशभक्ति का संगम







हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय

- **पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे के चुटीले अंदाज ने लोगों को गुदगुदाया, अलंकार बैंड पार्टी ने लोगों को झूमने पर मजबूर किया**

महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आयोजित राज्योत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की रसधार देर शाम तक बहती रही। मुख्य अतिथि दयालदास बघेल, स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना सम्पत अग्रवाल सहित अतिथि एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित आला अधिकारियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का देर रात तक आनंद लिया। कार्यक्रमों की पहली प्रस्तुति में राज्य की प्रसिद्ध महतारी लोक कला मंच, खरोरा के चंद्रभूषण वर्मा एवं साथी कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को सजीव किया। इनकी रंगारंग प्रस्तुति ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया बल्कि छत्तीसगढ़ी लोक संगीत और नृत्य की खूबसूरती को भी उजागर किया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को छत्तीसगढ़ की परंपराओं से रूबरू कराया, जिससे दर्शकों में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा। पैरी छुनछुन बाजे रे और परंपरागत छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की भावपूर्ण प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस में चार चांद लग गए।

समारोह में हास्य-व्यंग्य के जाने-माने कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे की प्रस्तुति ने खास आकर्षण पैदा किया। अपनी चुटीली कविताओं और अनोखे अंदाज में उन्होंने सभी का मन मोह लिया और हंसी के ठहाकों से पंडाल गूंज उठा। उन्होंने कहा कि महासमुंद से मेरा पुराना नाता है और यहां वे आते रहे हैं। उन्होंने अपने व्यंग्य भरे लहजे में नेताओं और अधिकारियों को भी नहीं बख्शा। समाज के वर्तमान परिस्थिति को बखूबी अंदाज में प्रस्तुत किया। उनके साथ मंच पर राज्य के कई प्रसिद्ध कवियों ने भी अपनी कविताओं से समां बांधा। कोरबा की किरण सोनी, मुंगेली से देवेंद्र प्रसाद वीर रस में अपनी प्रस्तुति दी, वहीं कवर्धा के अभिषेक पांडेय ने भी अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन कवियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि देशभक्ति और संस्कृति का गहरा संदेश भी दिया।

### छात्रों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा और संस्कृति को दर्शाया

समारोह के अंत में अलंकार बैंड पार्टी बिलासपुर के युवा कलाकारों की संगीतमयी प्रस्तुति ने कार्यक्रम को संगीत से सराबोर कर दिया। उनके संगीत की धुनों पर देर शाम तक दर्शक झूमते रहे और कार्यक्रम में उत्साह का संचार होता रहा। बैंड पार्टी के कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संगीत को आधुनिक स्पर्श देकर दर्शकों के दिलों दिमाग में एक यादगार छाप छोड़ दी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्रों ने भी अपनी कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य, संगीत और गायन ने दर्शकों का दिल जीत लिया। आदिवासी छात्रावास के विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपरा और उनकी धरोहर को दर्शाया। वहीं, फॉर्चून नेत्रहीन फाउंडेशन के बच्चों ने अपनी गायन प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। उनकी संगीतमयी प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और साबित कर दिया कि कला और प्रतिभा किसी सीमा की मोहताज नहीं होती। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के बच्चों ने अपनी पारंपरिक संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए तंबोरा नृत्य प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने अपनी सांस्कृतिक धरोहर को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। इसके साथ ही राधिक साहू ने भरतनाट्यम की सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। अपनी भावभंगिमा से दर्शकों के दिल में एक अलग छाप छोड़ी। इसी तरह आस्था पटनायक ने अपने कत्थक नृत्य से मंच पर एक अलग ही छटा बिखेरी। उनके नृत्य के मनमोहक अंदाज और पारंपरिक कत्थक शैली ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके नृत्य प्रदर्शन ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गरिमा और सौंदर्य को प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के पश्चात कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



## कुकराडीह में सुआ नृत्य कार्यक्रम में पहुंचे तुषार

**महासमुंद**। ग्राम कुकराडीह में युवा उत्सव समिति के तत्वाधान में सुआ नृत्य कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि कहा कि सुआ नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य का एक प्रमुख नृत्य है, जो कि समूह में किया जाता है। स्त्री मन की भावना, उनके सुख-दुख की अभिव्यक्ति और उनके अंगों का लावण्य सुआ नृत्य या सुवना में देखने को मिलता है। सुआ नृत्य का आरंभ दीपावली के दिन से ही हो जाता है। इसके बाद यह नृत्य अगहन मास तक चलता है।

# दीपों से जगमग हुई खल्लारी मातेश्वरी पहाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दानदाताओं द्वारा संचालित भंडारा एवं विकास समिति खल्लारी के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी प्रथम सीढ़ी से पहाड़ी वाली खल्लारी मंदिर तक पहाड़ी के 981 सीढ़ियों में दीप जलाए गए।

महाराज मूलदास वैष्णव ने विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ दीपावली के दीप जलाए गए। पूजा अर्चना में बतौर मुख्य अतिथि खल्लारी थाना प्रभारी शैलेंद्र नाग अपने सपरिवार संग उपस्थित हुए। दीयों की रोशनी से खल्लारी पहाड़ी जगमग हुआ। साथ ही पहाड़ी के पूरे ऊपरी हिस्सा के चारो ओर भी प्रमुख -प्रमुख स्थानों में भी दीये जलाए गए थे। वहीं सड़क मार्ग से नीचे वाली माता राऊर स्थित खल्लारी माता मंदिर मार्ग भी दीयों से रोशन हुए। यहां इस बार करीब 23 सौ दीये जलाए गए।



भंडारा एवं विकास समिति खल्लारी के अध्यक्ष रमेश तिवारी ने बताया कि खल्लारी मातेश्वरी पहाड़ी के सीढ़ियों, भंडारा परिसर, मंदिर स्थल, पहाड़ी ऊपर एवं नीचे माता राऊर मंदिर मार्ग में दीपावली के दिये जलाने की शुरूवात सन-2000 में हुई है, जो लगातार अब तक जारी है। इसकी शुरूवात भंडारा एवं विकास समिति खल्लारी के तात्कालीन संस्था प्रमुख संस्थापक स्व. डॉ. तरसेम बजाज ने समिति के माध्यम से प्रारंभ कराया था। इस दौरान रमेश तिवारी, बैसाखु चक्रधारी, शंकर कौशिक, बिसहत सबर, दयाराम मरकाम, खोलबाहरा दीवान, तारेश साहू, मिल्लुराम साहू, खोलबाहरा पटेल, मनहर दीवान, त्रिलोचन यादव, धनीराम चौहान, कमल सोनी, भोलाराम पटेल, सोम ध्रुव, हेमलाल साहू, दाऊलाल निषाद, करण निर्मलकर, गोविंद यादव, तेरथ कैंवर्त, ताराचंद साहू, गोकुल साहू, चैनसिंग ध्रुव, मन्नु चंद्राकर, किशुन पाटले मौजूद रहे।

## राज्योत्सव में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**महासमुंद**। जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव 2024 में शासकीय डीएमएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बारह मासी गाना पर नृत्य एवं झांकी प्रस्तुत किया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में कुल 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस नृत्य का निर्देशन व्यायाम शिक्षक एवं स्काउट मास्टर हिरेंद्र कुमार साहू ने किया। इस प्रस्तुति पर जिला शिक्षा अधिकारी एम आर सावंत, सहायक संचालकद्वय नंदकिशोर सिन्हा, सतीश नायर, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकास शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, गजेंद्र ध्रुव, तारिका कुंजाम, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमेश साहू एवं संस्था के प्राचार्य के के शुक्ला सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।



## वृद्ध किया गया अंतिम संस्कार

**महासमुंद**। मानव संस्कार सेवा समिति ने वृद्ध पदमन टांडी (78) का अंतिम संस्कार किया। मानव संस्कार सेवा समिति ने एक माह पहले टांडी को वृद्ध आश्रम में भर्ती करवाया गया था। तबियत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मानव संस्कार सेवा समिति ने दलदली रोड स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू, टीकम साहू, राकेश शर्मा, माखन हर्ष सोनी, अंशुल त्रिवेदी, राजू दोसा, दीपक साहू, सुनील मिश्रा, डिगेश पटेल, देवेंद्र पटेल, अशोक सोनी, राकेश साहू, इंद्रपाल सिंह, भुवन साहू, दिलीप चंद्राकर, अजय साहनी, सरोज गुप्ता, ललित बावनकर आदि उपस्थित रहे।


# नवागांव स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव संकुल केंद्र पटेवा में पोषण शक्ति आहार निर्माण योजना के अंतर्गत संस्था के कक्षा आठवीं की छात्रा डोमेश्वरी बरिहा एवं मंजू खड़िया के जन्मदिवस पर माता-पिता चिंताराम बरिहा एवं धान बरिहा द्वारा न्योता भोज का आयोजन कराया गया। शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं द्वारा केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। प्रधान पाठक अरुण कुमार साहू, शिक्षक मेमन चंद्राकर, अमर साहू द्वारा अपने उद्बोधन में दोनों छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया।

न्योता भोज में खीर, पूड़ी, दाल, चावल, सब्जी एवं आचार पापड़ की व्यवस्था की गई थी। छात्र-छात्राओं ने खूब उत्साह एवं आनंद के साथ न्योता भोजन का मजा लिया। आयोजन में सरपंच गंगा राम दीवान, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, संकुल समन्वयक राजू देवांगन, ग्रामीणजन अमृत दीवान, रसोइया हीराबाई, कुमारी बाई, दया बाई, सफाई कर्मचारी अमृत बाई समेंत शालानायक प्रेरणा निर्मलकर, उपशाला नायक, यामिनी सिन्हा, जया पटेल, हीना, गीतांजलि, भूमिका दीवान, रश्मि, रागनी, फलेश्वरी, रुक्मणी, कोमल, आरती, किशन, थमेश सिन्हा, गौरव, पुलकित सहित सभी छात्र-छात्राओं का योगदान रहा।



## बेमचा में मनाई गई महर्षि विश्वामित्र की जयंती

**महासमुंद**। ग्राम बेमचा के गायत्री मंदिर में विश्वामित्र जयंती मनाई गई। इसका प्रारंभ राधा साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन पूजन से किया गया। मंत्र संचालन के अंतर्गत भगत गुरु ने बताया कि विश्वरथ गायत्री मंत्र की विशिष्ट साधना से ही विश्वामित्र बने, जिन्होंने नूतन सृष्टि का संकल्प लिया था। क्षेत्र के रामायण प्रवक्ता केके पांडे, नंद कुमार साहू, तुलसीराम सेन, रामचंद्र विश्वकर्मा ने भी गीत संगीत के साथ विश्वामित्र के कर्तव्य पर विचार रखे। बीएल आचार्य ने कहा कि विश्वामित्र, राम लक्ष्मण को अपने आश्रम में रखकर बलाअति बला विद्या प्रदान की। रामचरित्र मानस की चौपाई से अंताक्षरी का कार्यक्रम भी हुआ। जिसमें प्रथम स्थान बेलसोंडा टीम, द्वितीय अमृत साहू महिला मंडल एवं रमेश चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में प्रेम साहू, मनोज कहार, सुकालू निषाद, रविकांत चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, डोमन रामटहल आदि मौजूद रहे।

# करण महांती समाज ने की चित्रगुप्त की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




पांच दिवसीय पर्व के तीसरे दिन भाई दूज के मौके पर छत्तीसगढ़ करण महांती समाज महासमुंद ने जगन्नाथ भवन में भगवान चित्रगुप्त की पूजा बड़े धूमधाम से की। करण महांती समाज के ईष्टदेव चित्रगुप्त की पूजा प्रति वर्ष कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया को की जाती है।

इसी क्रम में इस वर्ष मां तारिणी महिला मंच के नेतृत्व में समाज के सभी पुरुष महिला एवं युवाओं ने पुष्पा महांती (आरंग) के मार्गदर्शन एवं श्रीकांत महांती, वर्षा महांती के यजमानी में पूरे समाज ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की। बाद सभी ने द्वितीया के चंद्र का दर्शन कर अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद मांगा। विदित हो इस दिन चंद्र का दर्शन करना परिवार के लिए शुभ माना जाता है। अगले कड़ी में समाज के सभी परिवारों की बहनों ने अपने अपने भाई की कलाइयों में भाई दूज का रक्षा सूत्र बांधा एवं बड़ो से आशीर्वाद प्राप्त कर छोटों को स्नेह प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी सदस्यों ने उत्साह दिखाया। मां तारिणी महिला मंच की अध्यक्षता इंदिरा महांती ने करते हुए समाज के सभी सदस्यों को पांच दिवसीय महापर्व की शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक

# अवैध माइनिंग में संलिप्तता पाए जाने पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने राज्योत्सव की सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। साथ ही आम जनता की उत्साहजनक मौजूदगी के लिए भी जिलेवासियों को बधाई दी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अमला अपने मैदानी अमले को सक्रिय करें। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी और तहसीलदारों को कोटवारों की बैठक लेकर आवश्यक सूचना तंत्र मजबूत करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता में है। इसलिए घटना से पूर्व इसकी सूचना अनिवार्य रूप से पहुंचे। जमीन विवाद के मामलों को भी प्राथमिकता सुलझाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक में अवैध शराब और अवैध माइनिंग पर भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी अधिकारी कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रेत की अवैध उत्खनन और परिवहन में यदि ग्राम पंचायत के सरपंच की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरूद्ध धारा 40 के तहत बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।




**कलेक्टर ने मैदानी अमलों को और सक्रिय करने की जरूरत पर दिया जोर, एप्प के माध्यम रकबे का सत्यापन करेंगे अधिकारी**

कलेक्टर ने स्थानीय निर्वाचन के लिए 01 अक्टूबर 2024 के अनुरूप नाम जुड़वाने के लिए सभी बीएलओ को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाता फॉर्म क भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश विद्युत विभाग और क्रेडा विभाग को दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण योजना है, जिसका लाभ आम लोगों को मिलना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने 15 वर्षों से अधिक हो चुके वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक 14 नवंबर से धान खरीदी को ध्यान में रखते हुए रकबे का सत्यापन के लिए जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें एप्प के माध्यम से आबंटित गांवों के रकबे का सत्यापन आगामी तीन दिनों करने के निर्देश दिए है। इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया। साथ ही कहा धान खरीदी के लिए स्थापित किए गए सभी 16 जांच चौकियों को आज से सक्रिय करें और जिनकी ड्यूटी लगाई गई है वे मौके पर मौजूद रहें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जनदर्शन से प्राप्त पत्र सहित आदि की भी समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, एसडीएम उमेश साहू सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025
18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025
09 जून से 17 जून 2025
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411